प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

10 मार्च 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक दीर्घावधि यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी के माध्यम से चलनिधि बढ़ाएगा

जैसा कि 5 मार्च 2025 की प्रेस प्रकाशनी 2024-2025/2305 के माध्यम से घोषित किया गया है, रिज़र्व बैंक छत्तीस महीने की अवधि के लिए 10 बिलियन अमरीकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी आयोजित करेगा।

नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

| स्वैप राशि (बिलियन अमेरिकी डॉलर) | नीलामी की तारीख | नीलामी का समय | नियर लेग/ स्पॉट की तारीख | फार लेग की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 24 मार्च 2025 | पूर्वाहन 10.30 से पूर्वाहन 11.30 | 26 मार्च 2025 | 27 मार्च 2028 |

बाजार प्रतिभागियों को अपनी बोलियाँ उस प्रीमियम के अनुसार प्रस्तुत करनी होंगी जो वे स्वैप की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को देने को तैयार हैं, जिसे दशमलव के दो स्थानों तक पैसे के रूप में व्यक्त करना होगा। नीलामी की कट-ऑफ प्रीमियम पर आधारित होगी। नीलामी एकाधिक मूल्य आधारित नीलामी होगी, अर्थात सफल बोलियाँ उनके संबंधित उद्धृत प्रीमियम पर स्वीकार की जाएँगी।

परिचालन संबंधी दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2344**